दिनांकः 29.06.2024
समय : 09:00 ए.एम.
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार।

- राज्य में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन आज–20 हज़ार से अधिक नवचयनित कार्मिकों को दिये जायेगें नियुक्ति पत्र ।
- राज्य सरकार ने ज़िलो के पुर्नगठन के संबंध में समिति के गठन को दी मंजूरी –एकल पट्टा प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए भी कमेटी गठित ।
- प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियों का दौर जारी–आज अधिकांश संभागों मे मॉनसूनी बादलों के बरसने की उम्मीद।
- टी–20 विश्वकप का खिताबी मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज– टीम इण्डिया के हौंसले बुलंद।

राज्य में आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेगें। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के मानसरोवर में आयोजित होगां जहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल संवाद कर उनका उत्साह–वर्धन करेगें। ज़िलों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का बधाई संदेश और लोक सेवकों के कर्तव्य, दायित्व और अपेक्षाओं के संबंध में बुकलेट भी दी जाएगी। राजधानी जयपुर में आयोजित समारोह में कौशल नियोजन और उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्य वर्धन राठौड़, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और शिक्षा तथा पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर सहित विभागीय अधिकारी भी शामिल होगें। और ब्योरा हमारे संवाददाता से

....................

राज्य सरकार ने ज़िलो के पुर्नगठन के संबंध में समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी ललित पंवार की अध्यक्षता में गठित कमेटी नव सृजित ज़िलों और ज़िलों के पुर्नगठन के संबंध में मंत्रिमण्डलीय उप–समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। गौर तलब है कि गहलोत सरकार के कार्यकाल में राज्य में जिलों का पुनर्गठन करते हुए नवीन जिले सृजित किए गए थे। मौजूदा सरकार ने इन ज़िलों की प्रशासनिक आवश्यकताओं, वित्तीय संसाधनों सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा का फैसला लिया था। इस संबंध में हाल ही में मंत्रिमण्डलीय उप–समिति का गठन भी किया गया है।

प्रदेश में एकल पट्टा प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए राज्य सरकार ने पूर्व न्यायाधीश आर.एस.राठौड की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गठित़ समिति में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास तथा आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव को सदस्य बनाया गया है। यह समिति पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में एकल पट्टा जारी करने के दौरान अनियमितताओं पर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी।

प्रदेश के निजी अस्पतालों को मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट पीसीटीएस सॉफ्टवेयर पर दर्ज करनी होगी। इस संबंध में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने दिशा–निर्देश जारी किये है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि अस्पतालों को हर महीने पोर्टल पर रिपोर्ट देनी होगी। इससे इन अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और शिशुओं के टीकाकरण तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की अपडेट जानकारी हासिल हो सकेगी। आरसीएच के निदेशक डॉ. सुनीत राणावत ने बताया कि पोर्टल पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, प्रसव पूर्व 4 जांच, टी.डी., संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण और नसबंदी, सहित जननी और शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारी दर्ज करनी होगी।

राज्य के स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूलों में प्राइमरी स्तर की कक्षाएं लगायी जायेगी। राज्य सरकार ने इसके लिए अध्यापकों के पदों और बजट को मंजूदी दी है। कक्षाओं के संचालन के लिए करीब 10 करोड़ रूपये का वित्तीय प्रावधान स्वीकृत किया गया है।

अध्यापन के लिए प्रत्येक स्कूल में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तीन अतिरिक्त पद भी मंजूर किये गये है। इन पदों पर शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापकों को प्रति नियुक्ति दी जायेगी। गौर तलब है कि राज्य भर में 134 मॉडल विद्यालयों में प्राइमरी कक्षाओं के लिए भवन बनाये गये है।

प्रदेश में कल राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलायी जायेगी। इसके लिए पोलियों बूथ के साथ ही मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का व्यापक प्रचार प्रसार के लिए आज कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। बच्चों को दवा पिलाने के लिए प्रेरित करने के वास्ते जागरूकता रथों को रवाना किया गया है। अभियान की सफलता के लिए नर्सिंग कॉलेज, रोटरी क्लब, महिला और बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के साथ स्काउट गाइड तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा रहा। सभी बच्चों को दवा देने के लक्ष्य के लिए बस स्टेंडों, रेलवे स्टेशनों और कच्ची बस्तियों के लिए विशेष टीमें लगायी गयी है। है।

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां धीरे–धीरे रंगत में आ रही है। मॉनसूनी बादलों के आज भरतपुर और जयपुर संभाग के साथ अजमेर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर, संभागों के ज़िलों में भी बरसने की उम्मीद है। उत्तर–पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी बारिश के भी आसार हैं।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आज से 2 जुलाई के दौरान भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इस बीच मारवाड में कई स्थानों पर कल मॉनसून की बारिश हुई। जोधपुर में 24 घंटों के दौरान 2 इंच बारिश मापी गयी। अंदरूनी इलाकों में पानी के तेज बहाव के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। सरहदी ज़िले जैसलमेर में कल से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी बना हुआ हैं। वहां कई स्थानों पर रिमझिम से मौसम ठण्डा हो गया है।

......................

चूरू के रतन नगर और आस–पास के ईलाकों में रात को हुई बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। भीलवाडा में कल देरशाम कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश के समाचार है। ज़िले में बारिश के बाद खरिफ बुआयी शुरू कर दी गई है। शाहपुरा में बारिश के दौरान बिजली गिरने से मवेशियों के मरने के समाचार है।

आईआईटी जोधपुर ने कपड़ा रंगाई–छपाई फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उपचार के लिए नई तकनीक विकसित की है। इससे फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले पानी को साफ कर इसे कृषि कार्यो में इस्तेमाल किया जा सकेगा। आई.आई.टी. जोधपुर रिसचर्स की टीम के परीक्षणों के सफल परिणाम सामने आए है।

.................

टी–20 विश्वकप का खिताबी मुकाबला आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जायेगा। वेस्ट इण्डिज के बारबाडोस स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 08:00 बजे से यह मैच खेला जायेगा। प्रतियोगिता में अब तक अजय चल रही दोनों टीमों के हौसले बुलंदी पर है। भारतीय टीम 11 साल बाद विश्वकप जितने की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेंगी जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम टूनामेन्ट में पहली बार विश्वकप चैम्पियन बनने के लिए जोर लगायेंगी। गौर तलब है कि 2013 में कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में आखिरी बार भारत ने विश्वकप की आई.सी.सी. चैम्पियन ट्रोफी जीती थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे

आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।